## पाटन के प्राचीन नाले में गंदगी का ढेर

**पाटन,** (निसं)। कस्बे में पुराने नाले सहित कोटपूतली रोड, डाबला रोड एवं नीमकाथाना रोड पर इन दिनों गंदगी का ढेर पड़ा हुआ है जिस कारण गंदगी से भयंकर बदबू आने लगी है। पुराने नाले में गंदा पानी एवं प्लास्टिक की थैलियां जमा होने से पानी भयंकर रूप से सड़ चुका है एवं भयंकर बदबू देने लगा है, ऐसे में मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए गंभीर बीमारी फैलने का भय लोगों को सताने लगा है। बस स्टैंड पर बने पुलिया के नीचे भी यही स्थिति है, ऐसे में नाले की बदबू से स्टैंड के व्यापारी भी पूरे दिन परेशान रहते हैं। प्राचीन नाले के पास मकान बने हुए हैं जिस कारण यहां रह रहे लोग भी बदबू से परेशान रहते हैं। पूर्व में बरसात के पानी से ही नाले की सफाई होती थी लेकिन पिछले वर्ष कम बारिश होने से नाले की सफाई नहीं हो सकी। पूर्व में ठााम पंचायत द्वारा सफाई भी करवाई गई परंतु जहां मकान बन गए एवं नाले के पास दीवार होने के कारण अब नाले में जेसीबी वगैरा भी नहीं जा सकती, जिस कारण नाले में गंदगी का ढेर जमा हो गया है। कस्बे के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही नाले की सफाई करवाई जाए अन्यथा कस्बे में गंभीर बीमारी फैल सकती है।

# विद्यार्थी जीवन में अक्षर ज्ञान के साथ श्रम का होना भी आवश्यक है: संत निवृत्तिनाथ महाराज

**रतनगढ़,** (निसं)। स्थानीय अशोक स्तंभ के पास आर्या पब्लिक सीनियर सैंकेण्डरी स्कूल का स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव गत शुक्रवार सायं संत निवृतिनाथ महाराज के सान्निध्य में उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि व समारोह की अध्यक्षता पूर्व पालिकाध्यक्ष सन्तोष बाबू इन्दौरिया ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संत निवृतिनाथ महाराज ने कहा कि सदाचार का व्यक्ति के जीवन में बड़ा महत्व है। सदाचार व्यक्ति को चरित्रवान बनाता है ।

सामाजिक मर्यादाओं में रहकर जीवन जीना सीखाता है। सदाचार से जीवन में प्रगति होकर आत्मबल मिलता है, यदि हम इस गुण को जीवन में समाहित करले तो सफलता निश्चित मिलती है। हमें मात-पिता व गुरु को नहीं भूलना चाहिये, जिन्होंने हमें सदाचार रूपी जीवन जीना सिखाया। हमारी सनातन संस्कृति हमें सदाचार सिखाते हुए अच्छा जीवन जीने की प्रेरणा देती है। हमें स्वयं भी सचेत रहते हुए अपनी बुद्धि, विचार का चिंतन करते रहना चाहिये। अपने जीवन में कभी सदाचार न छोड़ें, उसका संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि धर्म तभी तक सुरक्षित रह सकता है जब तक हमारा शरीर स्वस्थ है। स्वस्थ शरीर मानव की सबसे बड़ी पूंजी है और उन्होंने योग ध्यान की प्रेरणा देते हुए कहा कि योग हमारे चित्त की वृत्तियों को संतुलित रखता है। महाराज ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अक्षर ज्ञान के साथ-साथ श्रम का होना भी आवश्यक है। स्थापना दिवस समारोह पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्वागत नृत्य, कृष्णा थीम, जंगल बुक, कपल डांस, आर्मी डांस, महाभारत सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देकर हजारों उपस्थित जनों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिनेश महर्षि ने शाला को बधाई देते हुए उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। स्कूल के संरक्षक शिक्षाविद् अम्बिकाप्रसाद शर्मा ने शाला का परिचय दिया तथा स्कूल की प्रधानाचार्य अंबिका तिवाड़ी संयुक्त सचिव डॉ.अनुराग हारित ने सभी आगन्तुकों का आभार-अभिनन्दन किया। इस अवसर पर समारोह के अतिथियों, नगर के अनेक गणमान्य जनों का दुपट्टा एवं माला पहना व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।



रतनगढ़ में स्कूल का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया।

**■ 'व्यक्ति के जीवन में सदाचार का बड़ा महत्व है सदाचार व्यक्ति को चरित्रवान बनाया है'**

## सार-समाचार

### अस्पताल का औचक निरीक्षण किया



**झुंझुनूं,** जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने शनिवार को झुंझुनूं के राजकीय बीडीके अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चा व महिला ओपीडी, एमसीएच विंग, अन्नपूर्णा रसोई, धर्मशाला, पर्ची काउंटर, जनाना विंग में वार्ड, नर्सिंग कॉलेज आदि का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था का जायजा लिया। एमसीएच विंग के जनाना वार्ड में प्रसूताओं से बात कर उन्हें मिल रही सुविधा के बारे में जानकारी ली। जिस पर प्रसूताओं ने संतुष्टि व्यक्त की। इस दौरान जिला कलेक्टर ने जनाना विंग में खाली पड़े वार्ड को काम में लेने, बीडीके अस्पताल की मुख्य बिल्डिंग में बच्चों के सभी वार्डो को एमसीएच विंग में शिफ्ट करने, कॉटेज वार्ड को काम लेने तथा एमसीएच विंग के सैकंड फ्लोर पर आरओ लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा नर्सिंग कॉलेज में नियमित कक्षा लगाने, बीडीके अस्पताल के सांकेतिक बोर्ड को दुरूस्त करने, अस्पताल के फायर सिस्टम की समय समय पर मॉक ड्रिल करने, आईसी सामठाी को अपडेट कर लगाने, पंखों की मरमत करवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने विजिट के दौरान राजकीय बीडीके अस्पताल में संचालित अन्नपूर्णा रसोई व धर्मशाला का भी निरीक्षण किया और साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। विजिट के दौरान पीएमओ डॉ. संदीप पचार, आरएमओ डॉ. राजवीर, डॉ. बंशीधर झाझड़िया, डॉ. प्यारेलाल भालोठिया, डॉ. अरूण बाटड़, डॉ. नावेद अखतर, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भांबू सहित अन्य मौजूद रहे।

### सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

**झुंझुनूं,** एसपी राजर्षि राज द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 मतगणना स्थल सेठ मोतीलाल कॉलेज का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। विदित रहे कि मतगणना स्थल पर ईवीएम की सुरक्षा के लिए त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरा नियोजित किया गया है। प्रथम सुरक्षा घेरा में सीएपीएफ के द्वारा स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा की जा रही है एवं 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। दूसरा सुरक्षा घेरा आरएसी द्वारा कॉलेज कैंपस की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है एवं साथ ही क्यूआरटी को कॉलेज के मुख्य द्वार पर लगाया गया है। तीसरी सुरक्षा घेरा के अन्तर्गत थाना कोतवाली द्वारा कॉलेज के आस-पास लगातार गश्त व निगरानी की जा रही है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारी व कार्मिकों को मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। इस दौरान कोतवाल पवन कुमार चौबे भी मौजूद रहे।

### मुंबई प्रवासी भामाशाहों का सम्मान

**झुंझुनूं,** । झुंझुनूं निवासी मुंबई प्रवासी वरिष्ठ समाजसेवी एवं भामाशाह काशीनाथ खेतान एवं श्यामसुंदर खेतान श्री चावो दादी ट्रस्ट एवं झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई के ट्रस्टी एवं वरिष्ठ सदस्यों का झुंझुनूं प्रवास पर श्री चावो दादी मंदिर में शनिवार को श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान एवं परमेश्वर हलवाई ने उनसे शिष्टाचार भेंट कर उन्हें श्रीराम मंदिर अयोध्या का प्रतीक चिह्न भेंट किया। विदित है कि प्रवासी खेतान बंधुओं का झुंझुनूं की विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं से विशिष्ठ लगाव है। वे गत वर्षों से श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के माध्यम से सामाजिक सरोकारों में अपनी सहभागिता निभाते रहे है। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं के बारे में समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से झुंझुनूं शहर की गतिविधियों का पता चलता रहता है और मातृभूमि के समाचार जानकर उन्हें बहुत अच्छा लगता है।

### सीवरेज कार्यों के संबंध में दिए निर्देश

**झुंझुनूं,** जिला कलेक्टर ने शनिवार को नगर परिषद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और नगर परिषद आयुक्त अनिता खीचड़ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने कार्यालय की साफ-सफाई, वहां लगे सीसीटीवी कैमरे सहित टैक्स, फायर सेफ्टी सर्वे, पट्टे, भवन परमिशन, प्रधानमंत्री आवास, सीवरेज कार्य, स्ट्रीट लाइट, शहर की सफाई व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली और सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक शाखा में जाकर वहां के कार्मिकों से फीडबैक लिया। जिला कलेक्टर ने इस दौरान फायर सेफ्टी सर्वे, बकाया टैक्स जमा नहीं करवाने वालो पर करवाई करने, पट्टे की फाइल जमा करवाने, लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने, रेवेन्यू बढ़ाने के संबंध में भी विस्तार से जानकारी ली और दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरिया भी मौजूद रहे।

### कंट्रोल रूम स्थापित

**झुंझुनूं,** । जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल एवं बिजली की शिकायतों के समाधान के लिए जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने कलेक्ट्रेट में विशेष तौर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया है। जिला कलेक्टर ने बताया कि जिले में कोई भी व्यक्ति अपने आस-पास पेयजल या बिजली संबंधी समस्या होने पर कंट्रोल रूम के टेलीफोन नंबर 01592-232237 पर सुबह 6 से शाम 6 बजे तक तक कॉल कर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। दर्ज शिकायतों का विभागीय स्तर पर तुरंत समाधान करवा जाएगा।

### आवेदन 30 तक

**झुंझुनूं,** । वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा की ओर से आयोजित होने वाली पीटीईटी प्रवेश परीक्षा-2024 के लिए आवेदन के लिए अंतिम अवसर 30 अप्रेल तक है। पीटीईटी जिला समन्वयक एवं मोरारका महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह न्यौला ने बताया कि पीटीईटी-2024 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रेल है एवं परीक्षा 9 जून को आयोजित की जानी है। उन्होंने बताया कि यथासंभव प्रयास किया जाएगा कि अभ्यर्थी को अपने जिले में ही परीक्षा केंद्र आवंटित हो सके।

# सी.एम.एच.ओ. डॉ. डांगी ने कहा हर दवा अस्पताल में उपलब्ध हो

**सिंघाना।** सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी अस्पताल की सुविधाओं को लेकर सख्त नजर आ रहे है। इसी क्रम में औचक निरीक्षण पर सिंघाना सीएचसी पहुंचे डॉ. राजकुमार डांगी ने पूरे अस्पताल का निरीक्षण किया और मरीजों व उनके साथ आए परिवारजनों से बातचीत की। डॉ. डांगी के सामने आया कि लगभग सभी दवा मरीजों को फ्री उपलब्ध करवाई जा रही है।

लेकिन एक-दो इंजेक्शन अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण वो इंजेक्शन मरीजों को बाहर से खरीदने पड़ रहे है। यही नहीं डेंगू जैसे मरीजों को जांच भी अस्पताल से बाहर करवानी पड़ रही है। जिस पर सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने अस्पताल प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र सैनी को स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई मरीज बाहर से दवा लाता है या फिर बाहर से जांच करवाता है। तो यह निश्चित रूप से मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना और मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना के विपरित है। उन्होंने अस्पताल प्रभारी डॉ. सैनी को अस्पताल स्तर पर ही अनुपलब्ध दवा या फिर इंजेक्शन को खरीद कर मरीजों को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा निर्देशित किया कि डेंगू की जांच अस्पताल में ही रेपिड किट से की जाए। यदि रेपिड किट उपलब्ध नहीं है तो प्लेटरेट्स के आधार पर ही मरीजों को ईलाज दिया जाए। लेकिन बाहर से जांच ना करवाई जाए। साथ ही उन्होंने हीट वेव को देखते हुए नर्सिंग सुप्रीडेंट को निर्देश दिए है कि एक वार्ड अलग से हीट वेव और हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए तैयार करें। जिसमें कूलर समेत सभी व्यवस्था हो।



सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने अस्पताल का निरीक्षण किया।

**■ कहा-ना तो दवा और ना ही जांच करवानी पड़े मरीजों को बाहर से, करें सुनिश्चित**

वहीं वे खुद तीन दिन बाद कभी भी अस्पताल का औचक निरीक्षण करेंगे।

जिसमें सभी निर्देशों की पालना सुनिश्चित होनी चाहिए। यदि इसके बाद भी कमी मिली तो कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी अस्पताल परिसर में पहुंचे। जहां अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने वार्ड, दवा वितरण केंद्र, जांच लैब, उपस्तिथि पंजिका, सिंघाना बीसीएमओ ब्लॉक सहित आदि का निरीक्षण किया गया। वार्ड में जाकर भर्ती मरीजों से अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं होने पर लगेगा जुर्माना

**खेतड़ी,** ( निसं ) खेतड़ी के जिला परिवहन कार्यालय परिसर में शनिवार को हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिवहन निरीक्षक रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में वाहनों पर अंतिम तिथि के बाद हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं मिलने पर विभाग की ओर से लगाए जाने वाले जुर्माना को लेकर जानकारी दी गई। परिवहन निरीक्षक रमेश कुमार यादव ने बताया कि परिवहन विभाग की ओर से एक अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी प्रकार के वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगवाने को लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने की अन्तिम तिथि 30 जून 2024 है। विभाग की ओर से निर्धारित की गई 30 जून के बाद वाहन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगे होने पर पहली बार में पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं इसके बाद भी नंबर प्लेट नहीं लगवाने पर जांच एजेंसियों को दुबारा मिलने पर दस हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया जाएगा। इसके अलावा बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहन का किसी भी परिवहन कार्यालय में कोई भी कार्य सम्पादित नही किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने वाहन की हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए विभाग की साइट पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कोसड़क सुरक्षा अठादूत की भूमिका निभानी चाहिए। एक अच्छा चालक वह नहीं होता जो सिर्फ अपने आपको सुरक्षित रखें, बल्कि अच्छा चालक वह होता है जो अपने साथ साथ दुसरे लोगों का भी ध्यान रखकर उनको सुरक्षित भी रखे। सड़क पर जब भी वाहन चलाए तो फोन पर उपयोग नहीं करना चाहिए और शराब का सेवन भी नहीं करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को अपने वाहन को तेज गति से कभी भी नहीं चलाना चाहिए।

## सुंदरकांड समिति का 21वां वार्षिकोत्सव संपन्न

**चूरू,** (कासं)। जनपद में विख्यात श्री हनुमान भक्त मंडल सुंदरकांड समिति चूरू का 21वां वार्षिकोत्सव शुक्रवार को समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। समिति के पदाधिकारियों ने 21वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में पंखा रोड़ स्थित श्री मनसा पूर्ण बालाजी मंदिर में संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। समिति के देवकीनंदन चौधरी ने बताया कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वन्दना से समिति के ओमप्रकाश स्वामी ने सपत्नीक बाबा की ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में उत्तम औझा, अनिल कसेरा, पवन ठठेरा, मनोज अठावाल, सुशील जांगिड़, घनश्याम स्वामी, पवन शर्मा, मुकेश पौदार, राधेश्याम सारस्वत, सुशील लोहिया आदि ने अपनी मधुर वाणी से सुंदरकांड पाठ का वाचन कर बालाजी को रिझाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चूरू की सभी सुंदरकांड समितियों के साथ-साथ श्री श्याम एकादशी भक्त मंडल के भक्तों ने भी सुंदरकांड पाठ का आनंद उठाया। आरती व पुष्पांजलि के बाद प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के महिला-पुरूष उपस्थित थे।

# सिंघाना में आवारा पशुओं का आतंक

**खेतड़ी,** ( निसं ) । सिंघाना कस्बे में आवारा पशुओं की आपस में लडाई से आए दिन हादसे हो रहे है। नगरपालिका प्रशासन की अनदेखी की वजह से हर रोज कोई न कोई राहगीर घायल हो रहा है। शुक्रवार को मुख्य बाजार में आवारा सांड ने एक व्यक्ति को हमला कर घायल कर दिया।

इस दौरान घायल अवस्था में उसे सिंघाना के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे झुंझुनू रैफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कंचनियां की ढाणी के पास साईकिल से जा रहे एक व्यक्ति को सांड ने टक्कर मार दी। जिससे गोठडा निवासी रामसिंह जिंदगी के बीच झुझ रहा है। जानकारी के अनुसार गोठडा निवासी रामसिंह साईकिल से सिंघाना की तरफ आ रहा था तभी कंचनियां की ढाणी के पास दो सांड आपस में लड रहे थे। तभी एक सांड ने रामसिंह को टक्कर मार दी। जिससे उसके सिर पर चोट लगने की वजह से घायल हो गया। उसी दौरान सिंघाना पुलिस थाने में तैनात हेड कांस्टेबल अपने घर से डयूटी जा रहा था। उसने भीड एकत्रित होती देखी तो घायल सडक पर तडप रहा था। उसने इंसानियत दिखाते हुए तमाशबीन भीड से घायल को उठाकर अपने स्वयं की गाडी से सिंघाना के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर प्रभारी डॉ धर्मेन्द्र सैनी के नेतृत्व में उपचार किया गया। घायल के सिर पर गंभीर चोट लगी हुई थी। जिसको गंभीर हालत में झुंझुनूं के लिए रेफर कर दिया गया। घायल रामसिंह ने गोठडा में किराणा की दुकान कर रखी है। सिंघाना में आवारा सांडों की वजह से राहगीर भय के साये में रहते है। नई सब्जी मण्डी, मैन मार्केट में हर रोज आवारा पशु आपस में लडने की वजह से हादसे हो रहे है। इसके अलावा आवारा पशु सड़क किनारे लगने वाली दुकानों व रेहडीयों का सामान भी खराब कर देते है। दुकानदारों ने इन आवारा सांडों को पकडने के लिए नगरपालिका प्रशासन से कई बार गुहार भी लगा चुके है, लेकिन नगरपालिका व प्रशासन द्वारा कोई उचित कार्यवाही नहीं की गई। जिस वजह से हर रोज कोई न कोई इन आवारा पशुओं का शिकार बन रहे है। इससे पूर्व भी सिंघाना कस्बे के किराणा व्यापारी पर आवारा सांड ने हमला कर दिया था, जिसके बाद जयपुर में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इसके बावजूद भी नगरपालिका की ओर से आवारा पशुओं को लेकर को प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे है।

**■ सांड ने राहगीर को टक्कर मारकर किया घायल । गंभीर हालत में किया झूंझूनू रैफर**

# कबड्डी के सब जूनियर फाइनल में आज भिड़ेंगे पिलानी पलटन और चुरू चैलेंजर

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी के जीवेम् स्पोर्ट्स स्कूल ग्राउंड पर शूरवीर डिफेंस एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित स्पाइन कबड्डी लीग के दूसरे दिन भी सभी टीमों के बीच सेमीफाइनल एवं फाइनल में जाने के लिए कड़ा संघर्ष देखने को मिला। इस प्रतियोगिता में जूनियर एवं सब जूनियर बॉयज कबड्डी के मुकाबले 25 अप्रैल से 28 अप्रैल तक खेले जा रहे हैं। 26 अप्रैल को हुए मुकाबलों में सभी टीमों के खिलाड़ियों ने पूरा दमखम लगाया। जानकारी देते हुए लीग के चेयरमैन योगेश शर्मा ने बताया कि दूसरे दिन के सब जूनियर (45 किलोठााम वर्ग) मुकाबलों के 11वें मैच में पिलानी पलटन ने सीकर सुपर स्टार को 19 पॉइंट से हराया। वहीं 12वें मैच में चुरू चैलेंजर ने अलवर अलायंस को 2 पॉइंट के नजदीकी मुकाबले में हराया।

इसी क्रम में 13वें मैच में पिलानी पलटन ने जयपुर किंग को 12 पॉइंट से हराया तथा 14वें मैच में अलवर अलायंस ने सीकर सुपर स्टार को कड़े मुकाबले में मात्र 1 पॉइंट से हराया। वहीं, 15वें और आखिरी लीग मैच में चुरू चैलेंजर ने झुंझुनूं जांबाज को 20 पॉइंट के बड़े अंतर से हराया। स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी ने बताया कि शनिवार को सब जूनियर वर्ग के प्रथम सेमी फाइनल में पिलानी पलटन ने अलवर अलायंस को 15 पॉइंट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमी फाइनल में चूरू चैलेंजर ने सीकर सुपर स्टार को 20 पॉइंट के बड़े अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। रविवार को पिलानी पलटन और चुरू चैलेंजर के बीच स्पाइन कबड्डी लीग का सब जूनियर वर्ग का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। रविवार को सभी दर्शकों को बहुत शानदार मुकाबले देखने को मिलेंगे। पूरे झुंझुनूं शहर से खेल प्रेमियों की तरफ से इस लीग को बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने कहा कि लगातार चार दिन तक निर्बाध रूप से चलने वाली कबड्डी लीग में शहरवासियों व खेल प्रेमियों का खासा रुझान देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोगों ने दिनभर मैचों का आनंद उठाया। झुंझुनूं जिले में पहली बार आयोजित इस तरह की प्रतियोगितओं से न केवल जिले का मान-सम्मान बढ़ा है। बल्कि यहां के खिलाड़ियों में भी आनंद व उमंग का माहौल है। उन्होंने सभी को जीत की अठिाम शुभकामनाएं दी। जानकारी देते हुए स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने बताया कि रविवार की शाम को स्पाइन कबड्डी लीग का समापन समारोह आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि दर्शकों के मनोरंजन का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। हर दिन कोई न कोई सेलिब्रेटी झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी में खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाने के लिए पहुंच रहे हैं। शनिवार शाम के कार्यक्रम में हरियाणा के प्रसिद्ध कलाकार राममेहर महला ने लाइव परफोर्मेंस देकर सभी का भरपूर मनोरंजन किया। उन्होंने अपने गीत संगीत से सभी को हरियाणवी संस्कृति से रूबरू करवाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आनंद राज पूनियां प्रसिद्ध समाजसेवी एवं गौ भक्त उपस्थित थे। इस अवसर पर झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आशुतोष मोदी, जॉली एंजल्स डायरेक्टर रानू मोदी, स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी, गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, उप प्राचार्या सरोज सिंह, शूरवीर डिफेंस एकेडमिक डायरेक्टर अमित शर्मा, हैडमिस्ट्रेस उमा शर्मा एवं प्रशासक कमलेश कुलहरि ने मुख्य अतिथि आनंद राज पूनियां एवं राममेहर महला का गुलदस्ते, अंग वस्त्र भेंट कर पारम्परिक स्वागत किया।




झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी के जीवेम् स्पोर्ट्स स्कूल ग्राउंड पर कबड्डी लीग का आयोजन किया।

**■ हरियाणवी कलाकार राम मेहर महला ने दी लाइव परफोर्मेंस, फाइनल मैचों के पश्चात होगा भव्य समापन समारोह**

## तार चोरी के मामले में एक और गिरफ्तार

**झुंझुनूं,** । जिले की पचेरी कलां पुलिस ने गांव सहड़ नदी क्षेत्र में खेतड़ी से नरेला जा रही हाईटेंशन विद्युत लाइन के तार चोरी का एक और आरोपी को सोहना जिला गुरुठााम हरियाणा से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी हरियाणा के गुरूठााम जिले के सोहना के पीर कॉलोनी वार्ड नंबर 13 निवासी 38 वर्षीय संजय ऊर्फ संजू पुत्र मस्ताना ऊर्फ जलसिंह जाति धानक है। जिसने हरियाणा के पलवल में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पांच-छह माह पहले हाईटेंशन बिजली लाइन के तार चोरी किए थे। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना जुर्म भी कबूल लिया है। एसपी राजर्षि राज वर्मा के निर्देश पर एएसपी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, डीएसपी नोपाराम भाकर के सुपरविजन में पचेरी कलां एसएचओ राजपाल के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। एसपी ने बताया कि 22 अप्रेल को जरिए मोबाइल राकेश निवासी इंडाली हाल चालक ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड नारनौल ने सूचना दी की ठााम सहड़ नदी में हाइटेंशन विद्युत लाइन के तारों की चोरी करके ले जा रहे है। इत्तला की तस्दीक व कार्यवाही के लिए पुलिस जाब्ता मोके पर पहुंचा जहां पुलिस जाब्ता, सूचनाकर्ता व ठाामीणो की सहायता से घेराबंदी की जाकर से संदिग्ध व्यक्ति ओमप्रकाश पुत्र सुरेश जाति बर्गी उम्र 40 निवासी गया कुंड मोहल्ला कामां जिला डीग राजस्थान को डिटेन कर बाद पूछताछ जुर्म प्रमाणित पाया जाने पर गिरफ्तार किया गया। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही थी।

## 'कुछ पल बेजुबानों के लिए' अभियान के तहत लगाए परिंडे



जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक मनोज ढाका की उपस्थिति में परिंडे लगाए गए।

**झुंझुनूं।** हिंदुस्तान स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं द्वारा बढ़ते तापमान को देखते हुए बेजुबान पशु पक्षियों के लिए चलाए जा रहे ''कुछ पल बेजुबानों के लिए'' अभियान के तहत परमवीर पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक मनोज ढाका, विद्यालय की प्राचार्या सुमित्रा झाझड़िया और हिंदुस्तान स्काउट गाइड के सहायक राज्य संगठन आयुक्त प्रदीप ईशरवाल की उपस्थिति में परिंडे लगाए गए। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक मनोज ढाका ने बताया कि इंसान तो आवश्यकता के अनुसार मदद मांग कर अपनी आवश्यकता कि पूर्ति कर सकता है। लेकिन बेजुबान पक्षी मांग नहीं सकते इसलिए हिंदुस्तान स्काउट गाइड द्वारा चलाया जा रहा यह ''कुछ पल बेजुबानों के लिए'' अभियान एक सार्थक प्रयास है। स्टाफ के हर सदस्य को भी प्रयास करना चाहिए कि कम से कम एक परिंडा अपने स्तर पर लगाकर बेजुबानों के लिए दाने पानी कि व्यवस्था करें। इस अवसर पर हिंदुस्तान स्काउट गाइड के नीरज कुमार, रामकरण, सुनिता सुगणा, सरला, उर्मिला, बजरंगलाल, राकेश, मोहम्मद शरीफ सहित स्टाफ सदस्य एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।